प्रशिक्षण | छात्राओं ने सीखा अनारकली, आलिया, नायरा कुर्ता बनाने का तरीका

# आत्मनिर्भर बनने की ओर रखा पहला कदम



जबलपुर, नवभारत। शासकीय मोहनलाल हरगोविंददास गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय के वस्त्र एवं तंतु विज्ञान विभाग द्वारा संचालित सर्टिफिकेट कोर्स लेडिस गारमेंट डिजाइनिंग में छात्राओं द्वारा बनाए गए परिधानों को डिस्प्ले किया गया। जिसके अंतर्गत छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के कुर्ते जैसे की अनारकली, आलिया, नायरा कुर्ता एवं विभिन्न प्रकार के ब्लाउज जैसे प्लेन, बेल्ट, चोली कट, प्रिंस लाइन ब्लाउज, नाइट गाउन हाउस कोट, बाथ गाउन के साथ साथ विभिन्न प्रकार के स्कर्ट जैसे की अंब्रेला, प्लेटेड, गैदर्ड, ए लाइन, फ्लेयर स्कर्ट विभिन्न प्रकार के टॉप लोवर जिसमें सादी सलवार, पटियाला सलवार, प्लाजो, पैंट, चूड़ीदार लहंगा, चोली इवनिंग गाउन आदि बनाए गए।

## छात्राओं ने की ड्राफ्टिंग

विभागाध्यक्ष डॉ रचना अग्रवाल ने बताया कि सभी परिधानों की छात्राओं ने ड्राफ्टिंग कटिंग स्टिचिंग की कोर्स के तहत सीखा तथा स्वयं के द्वारा बनाए गए थे। यह कोर्स संस्था की प्राचार्य डॉ स्मिता पाठक के मार्गदर्शन और विभागाध्यक्ष डॉ भावना शर्मा के निर्देशन में छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया।

### इनका कहना है



हम लोगों द्वारा बनाए गए सभी परिधानों को विभाग में डिस्प्ले हेतु रखा गया। इस कोर्स का हिस्सा बन कर बहुत ही अच्छा लगा।

**दीपिका साहू, छात्रा**



मैंने इवनिंग गाउन को पहनकर प्रदर्शित किया। इस कोर्स का उद्देश्य यह है कि हम सभी छात्राएं आत्मनिर्भर बन सकें। जिससे स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा

**शिवानी मरावी, छात्रा**



# जल्द ही विजय नगर को दिया जाएगा मॉडल रूप : महापौर

▶ 10 करोड़ की राशि से कराए जा रहे हैं विकास कार्य

**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर ऐतिहासिक रूप से पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में विकास के कार्य जा रहे हैं। इसी कड़ी में विजयनगर क्षेत्र में भी एक साथ 10 करोड़ रुपए के विकास कार्य बहुत तेज गति से कराई जा रहे हैं जो दीपावली के पूर्व पूर्ण कर लिए जाएंगे। जिसमें सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ उद्यान निर्माण डामलीकरण, पेवर ब्लॉक लगाने के कार्यों के अलावा सिटी ब्यूटीफिकेशन के लिए पेंटिंग संबंधी कार्य शामिल हैं। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने सोमवार को यहां चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया और कहा कि जिस प्रकार से शहर के अन्य क्षेत्रों को विकसित कर मॉडल के रूप में तैयार किया जा रहा है ठीक उसी प्रकार विजयनगर क्षेत्र को भी ऐतिहासिक रूप से विकसित कर मॉडल बनाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान महापौर के साथ नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, एमआईसी सदस्य विवेक राम सोनकर, रजनी कैलाश साहू, अंशुल राघवेंद्र यादव, निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री जागेंद्र सिंह, संभागीय यंत्री सत्येंद्र चक्रवर्ती सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षक मौजूद रहे।

# कलयुग में जीवों का कल्याण करने प्रकट हुए हैं कल्याणेश्वर महादेव

▶ गौरीघाट के दरोगाघाट स्थित मंदिर में भक्तों की होती है मनोकामना पूरी



**नवभारत,जबलपुर।** संतों की तपस्या से कलयुग में जीवों का कल्याण करने के लिए साक्षात भगवान के रूप में गौरीघाट, दरोगाघाट में कल्याणेश्वर महादेव प्रकट हुए हैं। ऐसा कहते हुए यहां स्थित श्री कल्याणेश्वर महादेव मंदिर काठिया बाबा आश्रम मंदिर के महंत गोलोकधामवासी श्री श्री 1008 श्री शुकदेवदास काठिया बाबा महाराज, श्री श्री 1008 श्री अन्नपूर्णादास काठिया बाबा महाराज, वर्तमान महंत श्री श्री 108 श्री महंत नर्मदेश्वरीदास काठिया ने बताया कि कल्याणेश्वर महादेव को प्रसन्न करने के लिए भक्तों के द्वारा हर प्रदोष को पंचामृत अभिषेक होता है जिसको करने से भक्तों का कल्याण होता है। इसके साथ ही श्रावण मास में भगवान कल्याणेश्वर महादेव का अभिषेक, ठा. श्री गोलोक बिहारी का भव्य झूला उत्सव, जन्माष्टमी उत्सव, होली उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। इस मंदिर में आने वाले सभी भक्तों की मनोकामना भी पूरी होती है।



## पीयूष वर्मा प्रांतीय सचिव नियुक्त

**नवभारत, जबलपुर।** ऑल प्रगतिशीत पेंशनर्स वेलफेयर एसोसियेशन मध्यप्रदेश के सुधीर दुबे प्रांताध्यक्ष ने पीयूष वर्मा को म. प्र. का प्रांतीय सचिव नियुक्त किया। सभी पेंशनरों ने इस नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त किया।

# वास्तविक सुख आत्मा से प्रकट होता है



**नवभारत, जबलपुर।** आचार्य श्री विद्यासागर सभा भवन में चातुर्मास व्यतीत कर रहे आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ने केशलोंच किये तथा उपवास किया। उनकी अनुपस्थिति में मुनि श्री विनीत सागर जी ने मंगल देशना में कहा, संसारी प्राणी जो सुख का अनुभव कर रहा है वह वास्तविक सुख नहीं है। मात्र सुखाभास है। वास्तविक सुख तो वह है जो आत्मा से प्रकट होता है। वह सुख मोक्ष में ही प्रकट होता है। संसारी प्राणी जो सुख का सेवन कर रहा है उसके पश्चात दुख आना निश्चित है लेकिन मोक्ष प्राप्त करने के बाद दुख नहीं आता। चारों गतियां में दुख भरे हुए हैं। तिर्यंच गति में देखने में आता है की मां अपनी ही संतान का भक्षण कर लेती है साथ ही साथ तिर्यंचों को भूख, प्यास, सर्दी गर्मी आदि के दुख सहन करने पड़ते हैं।मनुष्य गति में भी प्राणी अनेक प्रकार के दुःखो को सहन करता है। नरक गति में प्राणी निरंतर दुखों को सहन करता है। और देव गति में भी मानसिक दुख को प्राप्त करता है। इसलिए कहा गया है कि संसार में कहीं भी सुख नहीं है। धर्म सभा का संचालन अमित पड़रिया ने किया।

### एक नजर में



## स्काउट्स एवं गाइड्स रैली का किया अवलोकन

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय द्वारा रेलवे स्टेडियम, में दिनांक 11 से 15 अक्टूबर तक आठवीं राज्य रैली आयोजित कि जा रही है। इस अवसर पर सोमवार को पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने पश्चिम मध्य रेल भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय द्वारा रेलवे स्टेडियम में आयोजित आठवीं राज्य रैली का अवलोकन कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों ने जीएम को स्कार्फ पहनाकर सम्मानित और मार्चपास्ट से सलामी दी गई इसके पूर्व भारत स्काउट-गाइड ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। मार्च पास्ट में पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर, भोपाल, कोटा के स्काउट एवं गाइड टीम और बैंड टीम शामिल हुई। इस आठवीं राज्य रैली में अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक नीरज कुमार, प्रमुख मुख्य दूरसंचार एवं संकेत इंजीनियर एकनाथ मोहकर, प्रमुख मुख्य इंजीनियर आशुतोष, प्रधान वित्त सलाहकार मनजीत कौर, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक मनीष तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



## जन शिकायतों के निराकरण में आई तेज़ी

जबलपुर। महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में पश्चिम मध्य रेलवे में दिनांक 02 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक स्वच्छता के लिए विशेष अभियान 5 .0 संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य रेल परिसरों में स्वच्छता को सुदृढ़ करना तथा प्रशासनिक दक्षता में सुधार लाना है इस विशेष अभियान के अंतर्गत तीनों मण्डलों के सभी स्टेशनों, कार्यालयों एवं कार्यस्थलों पर स्वच्छता, ई-कचरा प्रबंधन, स्क्रैप निपटान, स्थान के अधिकतम उपयोग तथा ई-फाइलों की समीक्षा जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही अपशिष्ट से राजस्व अर्जित करने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। प्रत्येक कार्यालय एवं स्टेशन पर स्वच्छता अभियान के लिए निर्धारित लक्ष्य तय किए गए हैं तथा स्क्रैप की मात्रा का आकलन कर उससे प्राप्त होने वाले राजस्व की गणना भी की जा रही है। ई-ऑफिस प्रणाली में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की जा रही है ताकि सभी मामलों का शीघ्र निपटारा किया जा सके।



## ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस और जेनेटिक टेस्ट पर व्याख्यान

**नवभारत, जबलपुर।** मानसिक स्वास्थ्य दिवस एवं ब्रेस्ट कैंसर माह के अवसर विस्तृत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जबलपुर ऑब्स्टेट्रिक और गायनेकोलॉजिकल सोसाइटी (जॉग्स) द्वारा, फॉगसी की अध्यक्षा डॉ सुनीता टंडुलवाड़कर, महासचिव डॉ सुवर्णा खादिलकर एवं फॉगसी मैंटल हेल्थ चेयरपर्सन डॉ किरण पांडे के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ राखी बाजपेई - प्रेसिडेंट जबलपुर ऑब्स्टैटिक और गायनिक समिति, डॉ कमल जैन-सेक्रेटरी जॉग्स, डॉ चित्रा जैन-प्रेसिडेंट इंडियन मेनू पजल समिति (आईएमएस) और डॉ सोनल रिछारिया सेक्रेटरी आईएमएस की निगरानी में किया गया। पहले सेशन में मिस अनुपमा जोश ने ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस और जेनेटिक टेस्ट पर व्याख्यान दिया, जबकि डॉ श्रुति अग्रवाल ने दिवाली ग्लो अप प्री और पोस्ट पर अपने विचार रखे। इस सेशन की अध्यक्षता डॉ रंजना गुप्ता, डॉ आशा नामदेव और डॉ ममता महोबिया ने की। दूसरे सेशन में डॉ प्रोफेसर शशी खरे ने स्ट्रेस मैनेजमेंट पर विस्तृत व्याख्यान दिया। डॉ प्रियदर्शनी तिवारी ने क्रिया योग पर परिचय दिया और उपस्थित सदस्यों को क्रिया योग पर गाइडेड मेडिटेशन कराया। इस सेशन के चेयरपर्सन डॉ श्यामा सोनी, डॉ अमित सक्सेना और डॉ भारती सले ने किया।

# रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

▶ एनईएस एजुकेशन महाविद्यालय में स्वागत व बिदाई समारोह




**जबलपुर।** एन.ई.एस. एजुकेशन (बी.एड.) महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्रों के स्वागत एवं उत्तीर्ण छात्रों के बिदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. मनोज कुमार सिन्हा (कुलगुरु, धर्म शास्त्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी) व अन्य विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र यादव उपाध्यक्ष, न्यू एजुकेशन सोसाइटी, अजय अग्रवाल सचिव, न्यू एजुकेशन सोसाइटी, अतुल अग्रवाल, उपाध्यक्ष न्यू एजुकेशन सोसाइटी एवं वीरेंद्र अग्रवाल, सह सचिव, न्यू एजुकेशन सोसाइटी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला, वहीं महाविद्यालय के प्रशासक डॉ. मनोज यादव व प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोहा। जिसमें माय कॉलेज लाइफ नाटक विशेष आकर्षण रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रतिभा मिश्रा, शशि जरोलिया, रीतु शर्मा एवं ममता दास का योगदान रहा ।

## बच्चों को पिलाई पोलियो की दो बूंद


नवभारत, जबलपुर। तीन दिनों के पल्स पोलियो अभियान के दूसरे दिन सोमवार को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर अभियान के पहले दिन छूट गये बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई। अभियान के पहले दिन रविवार को पोलियो बूथ जाने से रह गये पांच वर्ष तक कि आयु के बच्चों को कल तीसरे दिन मंगलवार को भी घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जायेगी।





## चौकसे परिवार में विधायक ने व्यक्त की संवेदना

**नवभारत,जबलपुर।** कैंट विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने कजरवारा के चौकसे समाज में दिवंगत शिव प्रसाद चौकसे के निवास में जाकर उनकी पत्नी, पुत्र प्रशांत चौकसे, छोटे भाई अशोक चौकसे को सांत्वना दी, परिवार सदस्यों को हमेशा सहयोग का आश्वासन दिया। विगत दिनों उनका अचानक निधन हो गया , दिवंगत शिवप्रसाद (कोंडीलाल) सामाजिक कार्यकर्ता, रामायण मंडल , हनुमान कीर्तन मंडल के अध्यक्ष थे, राम मंदिर, सिद्धेश्वरी मंदिर, नर्मदा जी में प्रति सप्ताह सुंदर कांड करते थे। चौकसे समाज में उनके निधन से भारी छती हुई है। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना में पार्षद कृष्णा दास चौधरी, अटल उपाध्याय, सुंदर अग्रवाल, आशीष दास चौधरी,अभय उपाध्याय, नमन उपाध्याय,संतोष यादव,अनिल ठाकुर, संदीप सोनी, अनिल चौकसे , संतोष रजक , सतेंद्र सोनी, निक्की शामिल थे।



## डिस्पेंसरी सलाहकार समिति की बैठक

**नवभारत,जबलपुर।** केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) डिस्पेंसरी न 1 के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय चौहान की अध्यक्षता में सीनियर्स सिटीजनों के संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ सलाहकार समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई । इस संबंध में अनिल शुक्ला ने बताया कि इस बैठक में गुरमुखदास, एच एन राजपूत, के बी एस चौहान, बी एस अरोड़ा, डी के चौधरी, जी पी चौकसे एवं प्रकाश जाधव ने वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य और सुविधाओं के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अनुराग यादव द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# मतदान के लिए दिलवाई गई शपथ

**नवभारत,जबलपुर।** हवाबाग कॉलेज परिसर में प्रबंधक एलसी सिलास और प्राचार्य डॉ. शहवार सैयद के निर्देशन में मतदाता शपथ ग्रहण और वोटर हैल्पलाइन एप कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिस दौरान डॉ. अशोक सोनी वाणिज्य संकाय अध्यक्ष द्वारा मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। वहीं कार्यक्रम का संचालन एवं वोटर हैल्पलाइन एप की विस्तारपूर्वक जानकारी ईएलसी नोडल अधिकारी रूचि केशरवानी द्वारा दी गई। इस मौके पर कैंपस एबेंसडर साधना गौंड, पलक विश्वकर्मा ने वोटर हैल्पलाइन की विभिन्न सुविधाओं के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी।



## प्राध्यापकों-विद्यार्थियों के बीच किया गया स्वस्थ संवाद

हवाबाग महाविद्यालय जबलपुर में भारतीय ज्ञान परम्परा की त्रैमासिक गतिविधि का शुभारंभ किया गया। जिसके अंतर्गत विषय विशेषज्ञ डॉ. हिमानी उपाध्याय द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर व्याख्यान दिया गया । इस दौरान वर्तमान संदर्भ में मानसिक स्वास्थ के महत्व पर परिचर्चा आयोजित कराई गई इसमें विद्यार्थियों तथा प्राध्यापकों के मध्य एक स्वस्थ संवाद का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों, प्राध्यापकों द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्रबंधन छाया सिलास एवं प्राचार्य डॉ शाहेवार सैयद के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में समिति के सभी सदस्य डॉ संगीता सिन्हा, डॉ अनीता उपाध्याय, डॉ दीपा श्रीवास्तव , वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ भारती शुक्ला, डॉ सीमा सिंह, डॉ अशोक सोनी, डॉ कंचन सहगल, डॉ आशा श्रीवास्तव, डॉ कविता शर्मा, डॉ जयश्री दीक्षित, श्री अभिनव साइखेड़कर सहित कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।

केन्द्रीय विद्यालय गंगानगर में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

# छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को दी यातायात नियमों की जानकारी



**नवभारत,जबलपुर।** सड़क दुर्घटनाओं में लगातार हो रही वृद्धि और उससे होने वाली मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से जिले में विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) श्रीमती सुधी अंजना तिवारी के मार्गदर्शन में यातायात उप पुलिस अधीक्षक गढ़ा बैजनाथ प्रजापति, सूबेदार वीरेंद्र आरख एवं सउनि शिवचरण दुबे द्वारा केन्द्रीय विद्यालय गंगानगर, गढ़ा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। सड़क पर सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने, ट्रैफिक सिग्नल एवं संकेतों के पालन की अनिवार्यता, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने के महत्व को समझाया गया। साथ ही वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने और शराब पीकर वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी गई।

## मेंटेनेन्स के लिए बनाई अत्याधुनिक टेस्ट बेंच

**जबलपुर।** मण्डल से चलने वाली सभी ट्रेनों के बायोटायलेट में पानी की बचत हेतु प्रेशराइज्ड न्यूमेटिक फ्लसिंग सिस्टम लगे है, इस सिस्टम के उपयोग से बायोटायलेट में प्रत्येक फ्लश में सिर्फ 1 से 1.5 लीटर पानी ही खर्च होता है, जो कि पहले खर्च होने वाले पाने की तुलना में बहुत ही कम हैं जिससे कारण जल को संरक्षित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा हैं। प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर पश्चिम मध्य रेल जबलपुर एम विजय कुमार एवं मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन से कोचिंग डिपो जबलपुर में कार्यरत सीनियर सेक्सन इंजीनियरों अविनाश चौधरी एवं रजनीकांत साहू द्वारा, पानी की बचत किये जाने वाले इस महत्वपूर्ण सिस्टम के सुधार कार्य हेतु अत्याधुनिक टेस्ट बेंच बनाई गई है। इस टेस्ट बेंच द्वारा न्यूमेटिक फलसिंग सिस्टम के सभी कम्पोनेंट को चेक व सुधार करने का कार्य, कम समय में किये जाने के कारण न्यूमेटिक फलसिंग सिस्टम द्वारा प्रत्येक फ्लश में कम से कम पानी के उपयोग करने की प्रक्रिया सही तरीके से संपन्न हो रही है।



# स्वरवंदनी म्यूज़िकल ग्रुप की संगीतमय संध्या

**नवभारत,जबलपुर।** स्वरवंदनी म्यूज़िकल ग्रुप की ओर से आयोजित संगीतमय कार्यक्रम में लोको पायलट अतुल कुमार बेन एवं उनकी धर्मपत्नी माधुरी बेन ने अपनी मधुर आवाज़ में प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। उनके गीतों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया और वातावरण को संगीतमय बना दिया। कार्यक्रम में ग्रुप के आयोजक शैलेन्द्र कुमार तिवारी ने भी अपनी सधी हुई गायकी से शाम को खास बना दिया। उन्होंने श्रोताओं को पुराने फिल्मों के मधुर गीतों की प्रस्तुति देकर खूब सराहना बटोरी। उन्होंने बताया कि स्वरवंदनी म्यूज़िकल ग्रुप न केवल शहर के संगीत प्रेमियों को एकत्र करता है, बल्कि यह मंच नए और उभरते हुए गायकों को भी अपनी कला के प्रदर्शन का अवसर प्रदान कर रहा है। यह ग्रुप शहर में संगीत के प्रचार-प्रसार में अहम भूमिका निभा रहा है।